कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र के0रि0पु0बल ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश

एफ–चार–01/2021–22–मॉन्टेसरी स्कूल　　　　　　　　　　　　　　दिनांक 16/10/2021

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा गॉव सुतियाना, उत्तर प्रदेश के नर्सरी स्कूल में नर्सरी, एल0के0जी0 एवं यू0के0जी0 की कक्षाओं के बच्चों की देख–भाल हेतु दिनांक 31/05/2022 तक की अवधि के लिए आया पद के लिए साक्षात्कार के आधार पर अस्थाई नियुक्ति की जायेगी। आया पद को रू0 6,500/– (रूपये छः हजार पॉच सौ) मात्र प्रतिमाह की दर से मानदेय की राशि भुगतान की जायेगी। इच्छुक योग्य उम्मीदवार योग्यता के अनुसार नियुक्ति के लिए अपना आवेदन दिनांक **23/10/2021 को 17:30 बजे** तक पुलिस उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों को दिनांक **25/10/2021 को 10:00 बजे** कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द्र केरिपुबल ग्रेटर नोएडा में साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना होगा। इसके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को अलग से पत्राचार द्वारा कोई सूचना नहीं दी जायेगी। साक्षात्कार के लिए सभी उम्मीदवार मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, 02 पासपोर्ट साईज फोटो एवं बायोडाटा साथ लेकर आएगे।

नोटः– क) चयन प्रक्रिया तिथि समय प्रशासनिक कारणें से कभी भी रद्द व संशोधित की जा सकती है।

ख) चयन के पश्चात बिना कारण बताये नियुक्ति कभी भी रद्द की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक
ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल, ग्रेटर नोएडा